


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 61 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 13 दिसम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया

## सायबर ठगी के नए तरीके, सावधान रहें


**मंदसौर, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** सायबर ठगी के मामलो में रोज नए-नए तरीके सामने आ रहे हैं। कई बार मोबाइल पर आने वाली लिंक को क्लिक करते ही खाते से पैसा साफ हो जाता है। थाना पुलिस, बैंक, कस्टम, पार्सल के नाम पर डिजिटल अरेस्ट करके पैसा ठग अपने फर्जी खाते में डलवा रहे हैं।

हाल ही में सरकार ने पेन कार्ड 2.0 से जुड़ी कुछ नई योजनाओं की घोषणा की है। इस बीच, सायबर अपराधी लोगों को फंसाने के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं। अब वे पेन कार्ड 2.0 के नाम पर फर्जी लिंक भेजकर लोगों को धोखाधड़ी का शिकार बना रहे हैं। इसके पहले शादी कार्ड के नाम पर भी अकाउंट से रुपए साफ करने की जानकारियां सामने आई है।

सायबर ठगी से जुड़े इस तरह के मामलों में एक्सपर्ट का कहना है कि जितना हो सकें, मोबाइल से दूरी बनाए रखें और किसी भी अनजानी कॉल को रिसीव नहीं करें। हो सके तो मोबाइल का डाटा भी बंद रखें। मोबाइल लिंक को बिना जानकारी के नहीं खोले और डिलीट कर दें।

## सीएम के तौर पहला जन्मदिन मोहन का...

मुख्यमंत्री के रूप में मोहन यादव आज एक साल के हो गए हैं। तो कैसा रहा है, उनका ये अब तक का सफर? वह सफर जिसके शुरू में कुछ उलझन वाले हालात दिखे, चुनौतियाँ तो खैर थी ही। वह भी भरपूर। अर्थशास्त्र में श्रम विभाजन की थ्योरी होती है। इस पहले साल में डॉ. मोहन यादव कर्म विभाजन की थ्योरी पर चल रहे हैं। इसके लिए उन्होंने खुद को ही अलग-अलग हिस्सों में बांट रखा है। डॉ यादव ने सबसे पहले राज्य की माली हालत पर किसी कुशल माली की तरह ध्यान दिया है। जब वह मुख्यमंत्री बने, तब लोकसभा का चुनाव सिर पर था। लाड़ली बहना योजना में ज़रा सी भी चूक भाजपा के लिए भारी पड़ सकती थी। यादव विभजित हुए, एक हिस्से पर आम जनता को साधे रहने का दायित्व था तो दूसरे पर पार्टी नेतृत्व की उस उम्मीद को पूरा करने का जिम्मा था, जो उन्हें मुख्यमंत्री बनाने के निर्णय से जुड़ी हुई थी। यादव दोनों ही मोर्चों पर सफल रहे।



प्रकाश भटनागर

लाड़ली खुशी से खिल गई और साथ ही प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर भी कमल खिल गया और यादव 'जस की तस धर दीनी चदरिया' वाले अंदाज में इसका सारा श्रेय पार्टी और मोदी को देते गए। अब अगली बात में हम कह सकते हैं कि गृह, सामान्य प्रशासन और जनसंपर्क सहित दस-दस विभाग वाले वजन को उठाकर डॉ. यादव ने सियासी व्यायामशाला में अपनी ताकत दिखाने का प्रयास किया है। लगता है कि वह बहुत सधे हुए अंदाज में चल रहे हैं। खुद को दस महकमों के खांचे में विभक्त कर वह यह परख रहे हैं कि उनके किस वजीर में वह नजीर स्थापित करने की क्षमता है, जिसे अपने हिस्से के कुछ अहम विभाग दिए जा सकें। जो अपात्र चेहरे जोड़ -तोड़ करके मंत्रिमंडल में शामिल हो गए, उन्हें विभाग वितरण में पद तो मिला, लेकिन कद नहीं। दरअसल यादव बेहद महीन तरीके से यह आकलन करते हुए आगे बढ़ रहे हैं कि किसकी हद कितनी है और उसे किस तरह उतनी ही तवज्जो देना है।

अनुराग जैन को राज्य का मुख्य सचिव बनाकर मुख्यमंत्री ने पहले ही साल में जता दिया है कि प्रशासनिक गलियारों में जमी निकम्मेपन की धूल को बाहर करने के लिए वो एक रोडमैप लेकर चल रहे हैं। डीजीपी की नियुक्ति में भी ऐसा ही रहा। खरामा-खरामा एक साल वाली पायदान पर पहुंचे यादव ने दिखा दिया है कि वह एक निश्चय के साथ पूरे निश्चिन्त भाव से आगे बढ़ रहे हैं। प्रदेश में निवेश के लिए यादव ने परंपरागत आग्रहों को अलग रखा, वो उपत कर विदेशों की तरफ नहीं भागे। उन्होंने पहले देश के महानगरों में जाकर निवेशकों को आमंत्रण दिया। इसके बाद रीजनल कॉन्क्लेव के जरिए प्रदेश की ही नब्ज टटोली, फिर वे विदेश गए और दिखता है कि निवेश के लिहाज से उनकी यह यात्रा सफल रही।

प्रशासन में सुशासन के लिए यादव ने लोगों से दुर्व्यवहार के आरोपी अफसरों को संभलने का अवसर दिए बगैर लूप लाइन में डाल दिया। पद के मद में चूर कई चेहरों को पूरी तसल्ली के साथ किनारे सरका दिया। इससे यह संदेश चला गया कि सिस्टम में कोई गलत हो या मक्कार, इस सरकार के पास दोनों का ही इलाज है और इलाज से भी बढ़कर एक मामले में सर्जरी वाले हालात तो तब ही बन गए थे, जब यादव ने बीते अक्टूबर में सीएम हेल्पलाइन के पेंडिंग मामलों की समीक्षा कर अफसरशाही में खलबली मचा दी थी।

यादव लच्छेदार बातें नहीं करते हैं, यही उनकी यूएसपी भी है। क्योंकि, जब कोई मुख्यमंत्री खांटी आम आदमी के अंदाज में बात रखता है तो सामने वाले का उस पर यकीन होने की संभावना बढ़ जाती है। कई उदाहरणों की रोशनी में यह दिखता है कि यादव एक कदम उठाने से पहले अगले कदम की राह का भी निश्चय कर लेते हैं। इसके लिए उनकी अपनी शैली है। आम लोगों से बेहद सहज संवाद, फिर किसी को जवाब देने के लिए उनकी किलर इंस्टिंक्ट भी ध्यान देने लायक है। भोपाल के एक कार्यक्रम में यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की 'बेचारगी' के किस्से सुनाए। लेकिनद्ध इस दौरान पूरे समय उनके चेहरे पर 'मजे लेने' वाले भाव नहीं दिखे। जबकि, बात चुटकी लेने वाली ही थी। यादव सरल तरीके से अपनी बात कह गए। मनमोहन सिंह के हाल बता गए और यह सब यूं हुआ, जैसे कि कुछ हुआ ही नहीं हो।

वर्ष 2023 के आसपास उस समय के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के बीच एक अघोषित प्रतियोगिता आकार ले चुकी थी। यहीं से मुख्यमंत्री के रूप में डॉ. मोहन यादव के एक साल के कामकाज की बात की जा सकती है। अब एक बार फिर राज्य में सत्ता और संगठन के बीच कुशल कदमताल दिखने लगी है। लोकसभा चुनाव से लेकर अमरवाड़ा, बुदनी का उपचुनाव इसका गवाह है। डॉ. यादव व्यक्ति नहीं, बल्कि व्यक्तित्व के आधार पर चयन करने में यकीन रखते हैं। उन्हें पता है कि किसी की क्षमताओं का कैसे इस्तेमाल किया जा सकता है।

साल भर का समय कभी अनिश्चितता तो कभी चुनौतियों वाला रहा। इनमें यादव कई जगह सफल तो कई जगह ठिठके हुए भी नजर आए। इस सबके बीच वो अधिकांश जगहों पर अपने हिसाब से 'जमावट' करने में भी कामयाब रहे हैं। भविष्य की कुछ विपरीत परिस्थितियों से निकलने के लिए यादव अपनी टीम सहित तैयार तो दिख रहे हैं, लेकिन खुद यह टीम मुख्यमंत्री के अनुरूप कितनी तैयार है, यह देखना बहुत जरूरी होगा और यह भी देखने वाली बात होगी कि टीम के लिहाज से गलत चयन वालों के चाल-चलन को सुधारने के लिए यादव क्या करेंगे? क्योंकि इस जमावट को बार-बार ताश के पत्तों की तरह फेंटने का समय यादव के पास नहीं रह गया है। मुख्यमंत्री के रूप में पहले जन्मदिन के बाद यादव का असली समय शुरू होता है।

# 80 लाख के संजीवनी क्लिनिक पर ताले

### चार माह बाद भी हैंड ओवर नहीं हो पाए, तीन क्लिनिक कर रहे जगह का इंतजार

**मंदसौर, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** करीब 80 लाख रूपए लगाने के बाद भी सुविधा का इंतजार अधूरा है। मामला है संजीवनी क्लिनिक का। हैंड ओवर, जगह और स्टॉफ तीनों प्रक्रिया अभी बाकी है। जहां चार क्लिनिक तैयार हो चुके हैं तो हैंड ओवर और स्टॉफ नहीं होने से चार माह बाद भी शुरु नहीं हो पाए। इधर तीन और निर्माण करने हैं। लेकिन, उनके लिए जगह तलाशने में जिम्मेदारों को पसीना आ रहा है।

शहर में 80 लाख रूपए की लागत से चार संजीवनी क्लिनिक बनाए गए हैं। निर्माण पूरा होने के बाद हैंडओवर की प्रक्रिया नहीं होने से इन सभी पर चार माह से ताले लगे हुए हैं। हैंडओवर के बाद भी यहां स्टाफ नियुक्ति व उपकरण समेत कई इंतजाम होना बाकि है। ऐसे में लोगों को कब तक सुविधा मिल पाएगी, इसका अधिकारियों के पास भी कोई जवाब नहीं है। इतना ही नहीं शहर में तीन और संजीवनी क्लिनिक प्रस्तावित हैं। लेकिन, जगह की कमी के कारण इन पर भी निर्णय नहीं हो पा रहा है। लगभग दो साल पहले 27 जनवरी 2023 को नपा परिषद की बैठक में मंदसौर शहर के चार स्थानों पर 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक की स्वीकृति के प्रस्ताव रखे गए थे।

इसके अनुसार मदारपुरा फाटक, गांधी नगर, टिगरिया (अभिनंदन क्षेत्र), कोर्ट परिसर में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक बनाए गए। इन चारों स्थानों पर बनने वाले क्लिनिकों के निर्माण पर 84 लाख रुपए से अधिक राशि का खर्च भी हुआ। अब नपा द्वारा इन्हें स्वास्थ्य विभाग के हैंडओवर किया जाना है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा यहां स्टाफ नियुक्ति, उपकरण और दवाइयों की व्यवस्था की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार टिगरिया व कोर्टक्षेत्र में सबसे पहले क्लिनिक का काम हुआ। इसे तीन माह से अधिक का समय हो चुका है। इसके बाद मदारपुरा व फिर गांधीनगर में संजीवनी क्लिनिक का निर्माण कार्य पूरा हुआ।

#### इधर जगह की तलाश...

शहर में तीन और प्रस्तावित संजीवनी क्लिनिक को लेकर लोकेशन का चयन नहीं हो पा रहा है। पूर्व में पुराने भवनों में ही रीन्यूअल करके निर्माण करने की योजना भी बनाई गई। लेकिन, संबंधित विभागों की एनओसी नहीं मिल पाई। इसके कारण मामला अटक गया। वर्तमान में भी लोकेशन का चयन नहीं हो पाया है। इसके चलते तीन और संजीवनी क्लिनिक का काम अटका हुआ है। अधिकारियों के मुताबिक शहर में कुल 07 संजीवनी क्लिनिक बनना प्रस्तावित हैं। इसमें से 4 बनकर तैयार हो चुके हैं। हालांकि सुविधा मिलना अब तक शुरू नहीं हुई है।

#### इनका कहना...

चार संजीवनी क्लिनिक तैयार हो चुके हैं। स्टॉफ की नियुक्ति होना है, जो शासन द्वारा की जाएगी। इसके अलावा तैयार क्लिनिक हैंड ओवर नहीं हुए है।

**जीएस चौहान**
**सीएमएचओ मंदसौर**

## चार दिन में तीन डिग्री गिरा पारा

**मंदसौर, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** सर्द हवाओं से जिला ठिठुर रहा है। बीते 4 दिनों में रात का पारा 3 डिग्री लुढ़क गया है। बढ़ती सर्दी के बीच जिले में सुबह लगने वाले स्कूलों के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इससे बच्चे व पालक परेशान हो रहे हैं। जबकि, अन्य जिलों में शीत लहर को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव हो चुका है।

गुरुवार को रात का तापमान 8 डिग्री व दिन का तापमान 21.05 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान सीजन में अब तक का सबसे कम रहा। सुबह के समय कोहरा छाया रहा। साथ ही सुबह से ठंड का असर शुरू हुआ, जो हवाओं के कारण दिन में भी देखने को मिला। जानकारों का कहना है कि बर्फीली हवाओं के कारण ठिठुरन बनी हुई है। 4-5 दिन ऐसा ही मौसम बना रहेगा।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि इस समय पश्चिम-उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और लद्दाख में बर्फ गिरने से सर्दी बढ़ी है। यहां जेट स्ट्रीम हवाएं भी तेजी से बह रही हैं। इन दोनों सिस्टम की वजह से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। प्रदेश के साथ जिले में भी शीत लहर का असर देखने को मिल रहा है। सुबह लगने वाले स्कूलों के समय में बदलाव नहीं होने से पालकों में नाराजगी है। पालकों का कहना है हर बार जिला प्रशासन देरी से निर्णय करता है। अन्य जिलों में स्कूलों के समय में बदलाव के आदेश हो चुके हैं। लेकिन, जिले में अब तक कुछ नहीं हुआ। वहीं, शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राघवेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि सुबह लगने वाले सभी सरकारी व निजी स्कूलों का समय 9.30 बजे बाद किया जाए। शीत लहर के कारण छोटे बच्चे बीमार हो सकते हैं। इसको लेकर कलेक्टर को पत्र लिखा है।

## मंडल अध्यक्ष के लिए लिफाफे में बंद हुई कार्यकर्ताओं की पसंद, आज निर्वाचन अधिकारी करेंगे पदाधिकारियों से चर्चा

**मंदसौर, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले की चारों विधानसभा के 21 मंडलों में भाजपा के निर्वाचन अधिकारी ने पूरे दिन कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की। जिसमें सामने आऐ नामों को लिफाफे में बंद किया। यह लिफाफे आज मंदसौर आ रहे भाजपा के जिला निर्वाचन अधिकारी एवं इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव को सौपें जाऐंगे। वे भाजपा कार्यालय पर सभी मंडलोंमें निवासरत पदाधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा कर नामों का मिलान करेंगे। इसके बाद वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा कर नामों को अंतिम रूप देकर भोपाल भेजेंगे। जहां से अगले एक दो दिन में मंडल अध्यक्ष के नाम का ऐलान होगा।

गुरूवार को जिले के सभी मंडल अध्यक्ष के निर्वाचन को लेकर प्रत्येक मंडल मुख्यालय पर बूथ अध्यक्षों से मंडल के निर्वाचन अधिकारियों ने चर्चा कर उनकी राय जानी। इस दौरान पदाधिकारियों ने लिखकर नाम निर्वाचन अधिकारी को सौपे। नामों की इस सूची को निर्वाचन अधिकारियों ने लिफाफे में बंद किया। जिसे आज शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी को सौपा जाएगा। बताया गया है कि मंदसौर जिले के सभी 21 मंडलों पर गुरूवार को ही निर्वाचन अधिकारी पहुंचे और पदाधिकारियों से चर्चा शुरु की। चर्चा के दौरान प्रत्येक मण्डल में कई कार्यकर्ताओं की दावेदारी सामने आई। अब जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्यमित्र भार्गव आज शुक्रवार को भाजपा कार्यालय पर प्रत्येक मंडल के पदाधिकारियों से वन-टू-वन कर नामों का मिलान करेंगे। रायशुमारी में सामने आए नाम यदि आज हो रहे वन-टू-वन में मिलान नहीं हुए तो उन्हें बाहर किया जाएगा। पदाधिकारियों से नामों का मिलान करने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से चर्चा कर पैनल तैयार करेंगे और भोपाल भेजेगे जहां से कल या परसों में मंडल अध्यक्ष के नाम का ऐलान किया जाऐगा।

## फर्जी बिल बनाकर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

**मंदसौर, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले में एक ऐसा गिरोह पकड़ाया है, जो फर्जी बिल बनाकर सोयाबीन खरीदी केंद्रों पर वेयर हाहुस मालिको को व्हाटस पर मेसेज कर भुगतान की बोलकर धोखाधड़ी करते थे।

मामले में सीतामऊथाना पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। दो और आरोपियों की तलाश जारी हैं। बता दे की मंदसौर जिले में सोयाबीन खरीदी केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर किसानों की सोयाबीन की फसल खरीदी जा रही हैं, जिसको इस गिरोह ने अपना निशाना बनाना चाहा। पर, उस से पहले ही ये गिरोह पकड़ा गया। यह गिरोह पहले अपने आस पास के गांव में खरीदी गई सोयाबीन के बिल को अपने फोन में फोटो लेकर फिर इस को ऑडिट कर उस बिल को वेयर हाउस के मालिक को भेजते थे। लेकिन, पुलिस ने जांच कर इस गिरोह को पकड़ लिया है। इस में वेयर हाउस के मालिक महेश डबकरा ने अपनी सूझबूझ से बड़ी घटना होने से बचाया और यह गिरोह पकड़ाया। मामले में पुलिस ने पवन पिता राजेंद्र खाती निवासी गरोठ के विरुद्ध बीएनएस की धारा 400, 338, 318/4 के तहत प्रकरण दर्ज किया हैं। पुलिस को उसके दो साथियो की तलाश हैं।

## नीलगाय को बचाने में पेड़ से टकराई कार, युवक की मौत



**सुवासरा, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** ढाबला के निकट नीलगाय के झुण्ड को बचाने में कार सड़क के किनारे खड़े पेड से टकरा गई, जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक धानडाखेडा का रहने वाला था।

मिली जानकारी के अनुसार कार पत्रकार दशरथसिंह गुर्जर अपनी कार से जा रहे थे। इस दौरान ढाबला के निकट कार के सामने नील गाय का झुण्ड आ गया। जिसे बचाने में कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पेड से जा टकराई। इस दुर्घटना में कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार दशरथसिंह की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को मंदसौर के बड़े अस्पताल भिजवाया।

## पौन क्विंटल से ज्यादा डोडाचूरा बरामद, दो गिरफ्तार, तीन की तलाश

### ट्रक के केबिन में स्कीम बना कर रहे थे तस्करी

**मंदसौर, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मल्हारगढ़ पुलिस ने महू-नीमच हाईवे पर एक ट्रक से 85 किलो डोडाचूरा पकड़ा है। ट्रक के केबिन में स्कीम बनाकर डोडाचूरा छिपाकर ले जाया जा रहा था। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि, तीन की तलाश की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि मुखबीर सूचना पर सूठोद के समीप दबिश दी गई। इस दौरान पिपलियामंडी तरफ से आती हुई हरियाणा पासिंग ट्रक रोका गया। चालक जसवंत सिंह पिता बलवंत सिंह जाट उम्र 24 वर्ष निवासी पटोली थाना महेतपुर जिला ऊना हिमाचल प्रदेश तथा उसके साथी राजेन्द्र सिंह ... **शेष पेज 4 पर**

## डोडाचूरा तस्कर को 15 साल की सजा, 1 लाख रूपये जुर्माना भी भरना होगा

**मंदसौर, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट मंदसौर द्वारा आरोपी समुंदरसिंह पिता चुतराराम विश्नोई आयु 30 वर्ष निवासी ग्राम खेड़ीसालवा थाना डांगियावास जिला जोधपुर (राजस्थान) को अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी करने के अपराध में दोषी पाते हुए 15 साल के सश्रम कारावास एवं 1 लाख रूपये जुर्माने से दण्डित किया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा घटना के संबंध में बताया कि 03 जून 2012 को थाना वायडी नगर में पदस्थ सहा. उपनिरीक्षक शभूसिंह राठौर को मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ट्राला क्रमांक आरजे 09 जी 4154 के केबिन में ड्राईवर सहित दो व्यक्ति बैठे है। ट्राले के अंदर बोरियों में अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा नारायणगढ़ से भरकर मंदसौर बायपास होते हुए राजस्थान प्रतापगढ़ रोड़ से जोधपुर तरफ ले जाने वाले है। यदि तत्काल हाईवे रोड़ पर नाकाबंदी की जाए तो ट्राला मय डोडाचूरा सहित पकड़ा जा सकता है। मुखबीर सूचना पर टीम को तत्काल नीमच-महू बायपास रोड, एमआईटी चौराहे के यहां नाकेबंदी की गई। लगभग 10 मिनट बाद बाद मुखबीर के बताए अनुसार ट्राला क्रमांक आरजे 09 जी 4154 आते दिखा। जिसे फोर्स की मदद से रोककर बैठे व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर ड्राईवर ने अपना नाम समुंदरसिंह एवं उसके पास केबिन में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम भारत विश्नोई होना बताया। ट्राले की तलाशी लेने पर मटमेले रंग के तिरपाल को खोलकर देखा गया तो उसके अंदर सफेद प्लास्टिक के बोरे व टाट के बोरे भरे हुए थे। जिन्हें खोलकर देखने पर उनके अंदर मादक पदार्थ डोडाचूरा भरा हुआ पाया गया। गिनती करने पर प्लास्टिक के सफेद रंग के 90 तथा टाट के 86 बोरे मिले। उक्त मादक पदार्थ परिवहन के संबंध में आरोपी से पूछे जाने पर कोई वैध लाईसेंस न होना बताया। उक्त डोडाचूरा का तौल करने पर कुल वजन 53 क्विंटल 98 किलो होना पाया गया। मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर पंचनामा बनाया गया। आरोपी के विरूद्ध पुलिस थाना वायडी नगर में अपराध धारा 8/15 (सी) एनडीपीएस की एफआईआर लेखबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। अनुसंधान पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान प्रकरण में न्यायालय के समक्ष अभियोजन द्वारा रखे गये तथ्यों एवं तर्कों से सहमत होकर न्यायालय द्वारा आरोपियो को दोषसिद्ध किया गया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन विशेष लोक अभियोजक श्री दीपक जमरा द्वारा किया गया।



11 दिसम्बर - 26 दि

जनक
पर्व

मुख्यमंत्री
# डॉ. मोहन यादव द्वारा
# ₹758 करोड़ के विकास कार्यों का
## भूमिपूजन एवं लोकार्पण
पूर्वाह्न 11 बजे । कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, भोपाल

# रातापानी टाइगर रिजर्व का
## लोकार्पण
प्रात: 10 बजे । गोल जोड़, भोपाल

## 13 दिसम्बर, 2024






## समृद्ध हो रही संस्कृति

- मकर संक्रांति से गीता जयंती तक पूरे वर्ष के त्योहारों को प्रदेश सरकार ने समाज के साथ मिलकर मनाया।
- विक्रम सांस्कृतिक पर्व का 1 मार्च से 9 अप्रैल, 2024 तक आयोजन। कालजयी महानायकों पर केन्द्रित भारत के पहले संग्रहालय "वीर भारत न्यास" का शिलान्यास।
- विक्रमोत्सव पर विश्व की पहली "विक्रमादित्य वैदिक घड़ी" का शुभारंभ कर प्रदेश ने भारतीय काल गणना परंपरा का साक्षात्कार पूरी दुनिया से कराया।
- रक्षाबंधन पर बहनों के सम्मान में पूरे श्रावण माह प्रदेशव्यापी कार्यक्रमों ने बढ़ाई भाई-बहन के स्नेह की प्रतिष्ठा।
- गुरुजनों के सम्मान में विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में गुरु पूर्णिमा मनाई गई। अब हर वर्ष होगा गुरु पूर्णिमा पर्व का आयोजन।
- 1450 किमी लंबे श्रीराम वन गमन पथ निर्माण का निर्णय।
- श्रीकृष्ण लीलाओं से जुड़े सभी तीर्थ स्थलों (सांदीपनि आश्रम, नारायणा गांव उज्जैन, जानापाव इंदौर एवं अमझेरा धार) को जोड़ कर श्रीकृष्ण पाथेय का होगा निर्माण। श्रीकृष्ण पाथेय न्यास के गठन की स्वीकृति।
- भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेश करते हुए पाठ्यक्रमों में रामायण और गीता वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल।
- अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर मध्यप्रदेश में बना गीता पाठ का वर्ल्ड रिकॉर्ड।
- प्रत्येक नगरीय निकाय में गीता भवन निर्माण का निर्णय।
- प्रदेश के विश्वविद्यालयों के कुलपति अब कुलगुरु कहलाएंगे।
- मां क्षिप्रा शुद्धिकरण एवं प्रवाहमान बनाए रखने का संकल्प पूरा करने के लिए ₹ 599 करोड़ की लागत की कान्ह क्लोज डक्ट परियोजना का भूमिपूजन।

## सुशासन की सरकार

- नामांतरण, बंटवारा जैसे राजस्व प्रकरणों के ऑनलाइन निराकरण के लिये साइबर तहसील लागू। यह पहल करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य, साइबर तहसील 2.0 प्रारंभ।
- ई-पंजीयन एवं ई-स्टेम्पिंग के माध्यम से संपत्ति रजिस्ट्री हेतु संपदा 2.0 शुरू।
- राजस्व महाअभियान के दो चरणों में नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, नक्शा तरमीम और सीमांकन के 80 लाख से अधिक लंबित प्रकरणों का निपटारा, राजस्व महाअभियान 3.0 प्रारंभ।
- थानों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण का कार्य सम्पन्न।
- हर जिले में होगा पुलिस बैंड।
- जिला, संभाग, तहसील आदि की सीमाओं के पुनर्निर्धारण एवं युक्तियुक्तकरण के लिए एक पृथक प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग गठित।
- 1972 के नियम को बदलते हुए सभी मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष द्वारा अपने वेतन और भत्तों पर आयकर का भुगतान स्वयं करने का निर्णय।
- सुलभ आवागमन के लिए परिवहन जांच चौकियों के स्थान पर बने चैक पॉइंट।
- खुले में मांस, मछली की बिक्री पर लगाया गया प्रतिबंध।
- भोपाल में बीआरटीएस कॉरिडोर को हटाने का निर्णय।
- लाउड स्पीकर की अनियंत्रित एवं अनियमित आवाज का प्रयोग किया प्रतिबंधित।
- वारंट और समन की तामील के लिए ई-तकनीक का उपयोग प्रारंभ। मध्यप्रदेश ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य।

## नई जागृति के साथ पर्यावरण संरक्षण

D-11119/24



- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर 5 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस पर आरंभ हुए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को सफल बनाने के लिए मध्यप्रदेश ने साढ़े 5 करोड़ पौधे लगाने का संकल्प पूरा किया।
- जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अभूतपूर्व पहल पर जलगंगा संवर्धन अभियान का आयोजन। पर्यावरण दिवस (5 जून) से गंगा दशहरा (16 जून) तक चला अभियान। ₹ 1384 करोड़ की लागत से 56 हजार से अधिक जल स्त्रोतों का निर्माण एवं जीर्णोद्धार।
- 18 लाख से अधिक नागरिकों ने की जनभागीदारी।

## अभूतपूर्व गति से औद्योगिक विकास

- वर्ष 2025 को औद्योगिक वर्ष के रूप में किया गया घोषित ।
- अब तक सम्पन्न हुईं 6 रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, सागर, रीवा और नर्मदापुरम से रु. 2.07 लाख करोड़ एवं मुंबई, बेंगलुरु, कोयम्बटूर, कोलकाता में किये गये रोड-शो कार्यक्रमों में ₹ 1 लाख करोड़ से अधिक के निवेश, भोपाल में आयोजित खनन कॉन्क्लेव में ₹ 20 हजार करोड़ के निवेश और यू.के. और जर्मनी की यात्रा में ₹ 78 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन संयुक्त प्रयासों से कुल ₹ 4 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए है। इनसे 3 लाख से अधिक रोजगार सृजित होंगे।
- प्रदेश के हर जिले में निवेश प्रोत्साहन केन्द्र प्रारंभ किये गए।
- मुरैना में मेगा लेदर, फुटवेयर एंड एसेसरीज क्लस्टर डेवलपमेंट पार्क की स्थापना का निर्णय।
- नर्मदापुरम जिले के मुहासा-बाबई इंडस्ट्री एरिया में रिन्युबल एनर्जी और एनर्जी से संबंधित उपकरणों की इकाइयों का भूमिपूजन।




## आगे बढ़ते युवा

- युवाओं की शिक्षा एवं आधुनिक तकनीकों में योग्यता और कौशल निर्माण के साथ सर्वांगीण विकास के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए युवा शक्ति मिशन प्रारंभ।
- सभी शासकीय विभागों में 1 लाख पदों पर की जा रहीं भर्तियां। आगामी 5 वर्ष में 2.50 लाख सरकारी नौकरियों पर भर्ती का लक्ष्य। पदों की भर्ती के लिए हर साल सरकारी परीक्षा कैलेंडर होगा जारी।
- भारत सरकार के पीएलएफ सर्वे में मध्यप्रदेश ने दर्ज की सबसे कम बेरोज़गारी दर।
- मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना अंतर्गत वर्ष 2024 में 20 हजार चयनित युवाओं को लगभग ₹ 41 करोड़ स्टाइपेंड वितरित ।
- स्टार्ट-अप्स को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में सहभागिता के लिए ₹ 50 हजार से लेकर ₹ 1.50 लाख तक वित्तीय सहायता।
- अग्निवीर योजना में युवाओं का चयन हो, इसके लिए 360 घंटे प्रशिक्षण प्रदान करने का लक्ष्य। मध्यप्रदेश में पुलिस और सशस्त्र बलों की भर्ती में अग्निवीर जवानों को मिलेगा आरक्षण।
- प्रतियोगी परीक्षाओं का शुल्क राज्य सरकार द्वारा दिये जाने का निर्णय।
- वन डिस्ट्रिक्ट-वन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स अंतर्गत सभी जिलों में बनेंगे खेल स्टेडियम। ।
- भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, इंदौर, उज्जैन और रीवा के 6 विश्वविद्यालयों में इन्क्यूबेशन केंद्रों की स्थापना।
- वर्तमान में कुल 268 शासकीय आई.टी.आई. संचालित। इस वर्ष 22 नये आई.टी.आई. प्रारंभ करने से 5280 अतिरिक्त सीट्स की होगी वृद्धि।

## जनजातीय समाज को समान अधिकार

- छिंदवाड़ा में श्री बादल भोई जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय एवं जबलपुर में राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय का लोकार्पण। जबलपुर एयरपोर्ट और मदन महल फ्लायओवर वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम से जाने जायेंगे।
- विशेष पिछड़ी जनजाति के युवाओं को सेना, अर्धसैनिक बलों और पुलिस सेवाओं में भर्ती के लिए प्रशिक्षण हेतु जनजातीय बटालियन गठित करने का निर्णय।
- तेंदूपत्ता संग्राहकों का मानदेय ₹ 3000 प्रति बोरा से बढ़ाकर किया ₹ 4000 ।
- पीएम जन-मन योजना में विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल जिलों में ₹ 7300 करोड़ से अधिक की लागत से हो रहे अधोसंरचना कार्य। 11 लाख से अधिक भाई-बहन लाभान्वित।
- पीएम जन-मन योजना अन्तर्गत देश में सर्वप्रथम जन-मन कॉलोनी शिवपुरी में बनाकर मध्यप्रदेश योजना में अग्रणी। देश की सबसे पहली जन-मन सड़क बालाघाट जिले में बनकर तैयार।
- युवाओं को यूपीएससी, पीएससी, सिविल जज, गेट, कैट आदि के लिए नि:शुल्क कोचिंग का निर्णय।

## गरीब वर्ग को समान अवसर

- इंदौर के हुकुमचंद मिल के 4 हजार 800 श्रमिक परिवारों को ₹ 224 करोड़ की लंबित राशि का भुगतान।
- संबल 2.0 के अंतर्गत 1 करोड़ 73 लाख से अधिक श्रमिकों का पंजीयन। 40 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों को ₹ 895 करोड़ से अधिक का अंतरण।
- स्वामित्व योजना में 24 लाख भू-अधिकार पत्र वितरित कर प्रदेश देश में प्रथम।
- पीएम स्वनिधि योजना के तहत 11 लाख से अधिक हितग्राहियों को ₹ 10 हजार से 50 हजार तक ऋण सहायता।
- सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 55 लाख हितग्राहियों को ₹ 3 हजार करोड़ से अधिक राशि का अंतरण।
- 5 करोड़ पात्र हितग्राहियों को 30.59 लाख मी.टन खाद्यान्न राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के तहत वितरित
- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में 36 लाख से अधिक परिवारों को एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में 8 लाख से अधिक परिवारों को पक्का घर।

## खुशहाली की ओर अन्नदाता

- प्रत्येक ग्राम पंचायत में पीएम किसान समृद्धि केंद्र की होगी स्थापना।
- मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में 81 लाख से अधिक किसानों को ₹ 4 हजार करोड़ से अधिक की राशि का अंतरण। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत ₹ 4 हजार 900 करोड़ का प्रावधान।
- रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना में किसानों को 1 हजार रुपये प्रति क्विंटल की दर से अधिकतम ₹ 3900 प्रति हेक्टेयर की अतिरिक्त सहायता।
- वर्ष 2024-25 बजट में किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर अल्पकालीन फसल ऋण के लिए 600 करोड़ रुपये का प्रावधान। लगभग 32 लाख कृषक हो रहे हैं लाभान्वित।
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ-23' में 25 लाख से अधिक किसानों को ₹ 750 करोड़ से अधिक की राशि के दावों का हुआ भुगतान।
- किसानों को समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं पर प्रति क्विंटल 125 रुपये बोनस का भुगतान।
- सोयाबीन का ₹ 4,892 प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर उपार्जन करने का निर्णय।
- 5 वर्षों में दाल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मिशन दाल शुरू किए जाने का निर्णय। अरहर, मूंग, उड़द एवं मसूर जैसी सभी दालों के एमएसपी पर उपार्जन की व्यवस्था बनेगी मजबूत।

## आत्मविश्वास से नारी शवि

- नारी सशक्तिकरण के प्रति सम्मान स्वरूप वीरां
जयंती वर्ष पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृ
का जबलपुर में आयोजन।
- मां अहिल्या बाई के 300वें जन्म जयंती वर्ष एवं
प्रदेश में हुए दशहरा शस्त्र पूजन कार्यक्रम।
- दमोह में रानी दमयंती संग्रहालय बनाने का निर्णय
- शासकीय सेवाओं में महिलाओं को मिलेगा अब 3
- लाड़ली बहना योजना में 1.29 करोड़ बहनों
₹ 19 हजार करोड़ से अधिक की राशि का अंतरण
- प्रदेश की लगभग 26 लाख लाड़ली बहनों को ₹ 4
के लिए वर्ष 2024 में ₹ 715 करोड़ से अधिक की
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में 89 लाख महिला
- लाड़ली लक्ष्मी योजना में दिसम्बर 2023 से अब
को ₹ 170 करोड़ की छात्रवृत्ति अंतरित।
- स्व-सहायता समूह के अंतर्गत लखपति दीदी यो
और आत्मनिर्भर। 1 लाख से अधिक दीदियां बनीं
- 5 लाख स्व-सहायता समूहों के माध्यम से 62 ला
- महिला उद्यमियों के प्रोत्साहन के लिए 850 एमए
का अंतरण।
- सेनिटेशन एवं हाइजीन योजना में 19 लाख से अ
18 लाख की राशि अंतरित।
- जेंडर बजट में ₹ 19 हजार 21 करोड़ से अधिक क
लिए शासन के विभागों को ₹ 1 लाख 21 हजार क

## सुलभ आधु स्वास्थ्य सुि

- उज्जैन को मिली मध्यप्रदेश की पहली मेडि
महाविद्यालय की सौगात। मेडिसिटी में सुपर
अस्पताल, चिकित्सा एवं अनुसंधान केंद्र जैसी अ
- पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा के जरिए
बीमार/दुर्घटनाग्रस्त लोगों को एयरलिफ्ट कर
सरकार की संवेदनशील पहल।
- आयुष्मान भारत योजना में अब तक 4 करोड़ से
कर मध्यप्रदेश देश में सबसे आगे। 70 वर्ष से अ
भारत योजना में शामिल, ₹ 1381 करोड़ का प्राव
- वर्तमान में प्रदेश में 17 शासकीय एवं 13 निजी चि
8 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय निर्माण
चिकित्सा महाविद्यालय शीघ्र प्रारंभ होंगे।
- चिकित्सा शिक्षा विभाग और लोक स्वास्थ्य
विलय सुशासन और कार्यदक्षता का उदाहरण क
- स्वास्थ्य संस्थानों में 46 हजार 491 नये पदों (
सृजन की स्वीकृति।
- जिला अस्पताल एवं सिविल अस्पतालों को ए
का निर्णय।











मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

...सम्बर 2024

...ल्याण

# जनसेवा और मध्यप्रदेश के विकास के लिए निष्ठा और समर्पण का एक साल

## त्वरित निर्णय बने मिसाल



"मैं प्रदेश के आठ करोड़ नागरिकों का आभारी हूं, जिनके सहयोग से हमारा प्रदेश आज अपने सांस्कृतिक वैभव को संरक्षित करते हुए विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "विकसित भारत" के संकल्प के तहत, प्रदेश 'GYAN' गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के चार मुख्य स्तंभों पर आधारित विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध प्रयासों से निरंतर आगे बढ़ रहा है।"

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

"गरीब, युवा, महिला और किसान, 'विकसित भारत' के लिए हम इन चारों स्तंभों को ज्यादा से ज्यादा मजबूती देने में जुटे हैं। देश में सिर्फ चार जातियां गरीब, युवा, महिलाएं और किसान हैं। मैं इन चारों जातियों के सशक्तिकरण के लिए काम कर रहा हूं।

मेरा मानना है कि मूल आस्था और धर्म को छोड़कर इन चार मूल जातियों के उत्थान से ही देश प्रगति करेगा।"

- नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## ...ी भरपूर ...त्ति

...ाना रानी दुर्गावती के 500वें जन्म ...च में मंत्रिपरिषद की पहली बैठक

... विजयादशमी के अवसर पर पूरे

...।

...5 प्रतिशत आरक्षण।

...को जनवरी 2024 से अब तक ...।

...450 में गैस सिलेंडर की रीफिलिंग ...राशि का अंतरण।

...ों को मिली धुएं से मुक्ति।

...क 5 लाख 12 हजार बालिकाओं

...जना से महिलाएं बन रहीं सशक्त ...लखपति।

...व बहनें हुईं आत्मनिर्भर।

...सएमई इकाइयों को ₹ 275 करोड़

...धिक बालिकाओं को ₹ 57 करोड़

...ी वृद्धि। महिला सशक्तिकरण के ...रोड़ का प्रावधान।

## ...ुनिक ...विधाएं

...सिटी एवं शासकीय चिकित्सा ...स्पेशिलिटी एवं मल्टीस्पेशिलिटी ...िक सुविधाएं होंगी उपलब्ध।

...स्थ क्षेत्रों से गंभीर रूप से ...इलाज उपलब्ध कराने के लिए

... अधिक आयुष्मान कार्ड वितरित ...धिक आयु के बुजुर्ग भी आयुष्मान ...ान।

...कित्सा महाविद्यालय संचालित। ...धीन एवं पीपीपी मोड पर 12

...वं परिवार कल्याण विभाग का ...ा।

...नियमित/ संविदा/आउटसोर्स) के

...-एक शव वाहन उपलब्ध कराने

## सशक्त भविष्य के लिए शिक्षा

- गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के लिए 55 पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस प्रारंभ।
- 369 सर्वसुविधायुक्त सीएम राइज विद्यालयों का संचालन, वर्ष 2025 में लगभग 150 नये सीएम राइज विद्यालय होंगे संचालित।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना मध्यप्रदेश। नई नीति के तहत वर्ष 2025 से लगभग 3,200 प्राथमिक शालाओं में छोटे बच्चों के लिए प्री-प्राइमरी प्रारंभ होगी।
- ₹ 170 करोड़ से खरगोन में क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय का उद्घाटन।
- सागर में रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय एवं गुना में तात्या टोपे विश्वविद्यालय प्रारंभ।
- शिक्षा को वैश्विक संस्थानों से जोड़ने के लिए 12 अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के साथ एम.ओ.यू.।
- महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को बस की सुविधा।

## कायाकल्प की ओर शहरी विकास

- यात्रियों की सुविधा के लिए पूरे प्रदेश में बसों के लिये परिवहन कंपनी बनाकर संचालन किया जाएगा।
- प्रदेश में मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र (महानगर) का गठन किया जायेगा। इंदौर-उज्जैन-देवास-धार को मिलाकर एक तथा भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा-राजगढ़ को मिलाकर दूसरा मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र बनाया जाएगा।
- भारत सरकार के विजन के अनुरूप राज्य के सभी संभाग मुख्यालयों जैसे ग्वालियर, सागर, रीवा, जबलपुर, नर्मदापुरम, शहडोल आदि को भी क्षेत्रीय आर्थिक विकास के केंद्र के रूप में विकसित करने की अवधारणा के साथ कार्य योजना बनाई जाएगी।
- संतुलित नगरीय विकास को गति देने तथा आर्थिक विकास के केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए पुनर्घनत्वीकरण तथा पुनर्विकास नीति के अतिरिक्त एकीकृत टाउनशिप नीति तैयार की जाएगी। जिसमें निजी भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाएगा।
- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रथम चरण में लाभ से वंचित सभी शहरी गरीब तथा मध्यम आय वर्ग के हितग्राहियों को आवास प्रदान किए जाएंगे।
- खाली मिलों जैसे हुकुमचंद/विनोद मिल एवं अन्य शहरों में खाली पड़ी शासकीय भूमियों पर शहरी प्रोजेक्ट लॉन्च किए जायेंगे।
- निर्माणाधीन महाकाल महालोक उज्जैन, संत रविदास लोक सागर, माँ नर्मदा महालोक अमरकंटक, देवी अहिल्या लोक खरगोन, नागलवाड़ी लोक बड़वानी, देवी लोक सलकनपुर, श्री रामराजा लोक ओरछा, जाम सांवली श्री हनुमान लोक-पांढुर्णा, श्री पशुपतिनाथ लोक मंदसौर, श्री परशुराम लोक जानापाव, महाराणा प्रताप लोक भोपाल, भादवामाता लोक नीमच, माँ पीताम्बरा लोक दतिया और माता मंदिर लोक रतनगढ़ को पूरा किया जायेगा।

## नयी पहचान गढ़ता पर्यटन

- "पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा" का शुभारंभ। इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, भोपाल, रीवा, सिंगरौली, उज्जैन एवं खजुराहो के मध्य शुरू हुआ संचालन।
- मध्यप्रदेश टाइगर और चीता स्टेट के बाद बना लेपर्ड स्टेट। भारत सरकार की रिपोर्ट अनुसार प्रदेश में 3907 तेंदुए हैं, जो कि देश में सबसे अधिक हैं।
- मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और राजस्थान को मिलाकर बनेगा चीता कॉरिडोर।
- प्राणपुर, सावरवानी एवं लाडपुर खास को मिला सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम का पुरस्कार।

## सेवा और संवर्धन गौ-संरक्षण

- वर्ष 2024 गौवंश रक्षा वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।
- दुग्ध उत्पादन और ग्रामीण आजीविका बढ़ाने के उद्देश्य से हर ब्लॉक में एक गांव 'वृंदावन ग्राम" बनेगा।
- 10 से ज्यादा गाय पालने पर शासकीय अनुदान देने का निर्णय।
- दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के बीच हुआ एमओयू। आगामी 5 वर्ष में लगभग 12000 दुग्ध समितियां 25 लाख लीटर दूध एकत्रित करने लगेंगी।
- ग्वालियर स्थित आदर्श गौ-शाला में देश के पहले 100 टन क्षमता वाले सीएनजी प्लांट की स्थापना।
- प्रत्येक 50 किमी पर घायल गायों के इलाज के लिए हाइड्रोलिक कैटल लिफ्टिंग वाहन का प्रबंध। 406 चलित पशु चिकित्सा इकाइयां प्रारंभ।

## विकास को बल देती अर्थव्यवस्था

- वर्ष 2024-25 में 16% की बढ़ोतरी के साथ ₹ 3 लाख 65 हजार करोड़ से अधिक का बजट प्रस्तुत
- अगले 5 साल में बजट को दोगुना करते हुए ₹ 7 लाख करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य
- आगामी वित्त वर्ष में शून्य बजट का प्रावधान करने का निर्णय।

## प्रगति का आधार अधोसंरचना विकास

### सड़क

- इंदौर में ₹ 350 करोड़ के एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण प्रगति पर। भोपाल, देवास, ग्वालियर, जबलपुर एवं सतना में भी बन रहे एलिवेटेड कॉरिडोर।
- ₹ 10 हजार करोड़ से अधिक की 724 किमी लम्बी विभिन्न 24 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास।
- भारत सरकार द्वारा प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण और सुदृढ़ीकरण के लिए ₹ 3 हजार 500 करोड़ की राशि स्वीकृत।
- उज्जैन-जावरा 4-लेन ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे निर्माण के लिए ₹ 5 हजार करोड़ से अधिक की स्वीकृति। इसके निर्माण से उज्जैन, इंदौर एवं आस-पास के क्षेत्र मुम्बई-दिल्ली 8 लेन इण्डस्ट्रीयल कॉरीडोर से जुड़ेंगे।
- मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 8,565 गांव 19,378 किलोमीटर लंबी सड़कों से बारहमासी मार्ग से जुड़े।
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1 हजार कि.मी. की सड़कों के निर्माण एवं लगभग 2 हजार कि.मी. सड़कों के नवीनीकरण का लक्ष्य।
- ₹3589 करोड़ की लागत से भोपाल-कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर को 4-लेन में अपग्रेड करने की स्वीकृति।
- 6-लेन आगरा-ग्वालियर राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर की परियोजना स्वीकृत।

### वायुसेवा

- ग्वालियर से बैंगलुरु, अहमदाबाद, ग्वालियर, दिल्ली और अयोध्या के लिए विमान सेवा प्रारंभ।
- विंध्य क्षेत्र को मिली बड़ी सौगात। रीवा में मध्यप्रदेश का छठवें एयरपोर्ट का शुभारंभ।
- ग्वालियर में देश में सबसे कम समय में बनकर तैयार हुए, मध्यप्रदेश के सबसे बड़े राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयरपोर्ट का उद्घाटन।

### रेल

- ₹ 14440 करोड़ की लागत से भोपाल एवं इंदौर में मेट्रो रेल निर्माणाधीन।
- इंदौर-उज्जैन के मध्य शुरू होगी वन्दे मेट्रो ट्रेन।
- ₹ 18 हजार 36 करोड़ की इंदौर-मनमाड़ रेलवे लाइन परियोजना को स्वीकृति, 309 किमी लंबी रेल लाइन पर 30 नए रेलवे स्टेशनों से जनजातीय बहुल आकांक्षी जिला बड़वानी, धार, खंडवा, खरगोन, इंदौर सहित निकटवर्ती जिले लाभान्वित होंगे।
- प्रधानमंत्री जी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजनांतर्गत 33 स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास एवं 133 रेल ओवर ब्रिज एवं अंडरपास का शिलान्यास एवं लोकार्पण।
- मध्यप्रदेश को 364 विभिन्न रेल परियोजनाओं की सौगात। प्रदेश को चौथी सेमी-हाईस्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस (खजुराहो से हजरत निजामुद्दीन) ट्रेन मिली।
- भोपाल में वंदे भारत ट्रेनों के रख-रखाव और सुविधाओं के विकास हेतु लगभग ₹ 100 करोड़ की लागत से नए कोचिंग कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास।

### नवीकरणीय ऊर्जा

- 12 वर्षों में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से बिजली उत्पादन 14 गुना बढ़कर हुआ 7,000 मेगावॉट।
- 308 करोड़ रुपये की लागत से खरगौन जिले में जलूद ऊर्जा संयंत्र का भूमिपूजन।
- ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर पावर प्रोजेक्ट से 278 MW विद्युत उत्पादन प्रारंभ।
- इंदौर को सोलर सिटी बनाने के लिए हर घर सोलर अभियान का संचालन।
- मुरैना में देश का पहला सोलर पॉवर स्टोरेज प्लांट लगाया जाएगा
- शाजापुर, आगर और नीमच में सोलर पार्क का निर्माण।

### केन-बेतवा लिंक परियोजना

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 25 दिसम्बर को छतरपुर में परियोजना का शिलान्यास किया जायेगा।
- परियोजना से प्रदेश के छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा और सागर जिलों में कुल 8.11 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में मिलेगी सिंचाई सुविधा
- प्रदेश की कुल 41 लाख आबादी होगी लाभान्वित

### पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 17 दिसम्बर को परियोजना का शिलान्यास किया जायेगा।
- प्रदेश के मालवा क्षेत्र के 11 जिले गुना, शिवपुरी, सीहोर, देवास, राजगढ़, उज्जैन, आगर-मालवा, इंदौर, शाजापुर, मंदसौर एवं मुरैना में 6.13 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में मिलेगी सिंचाई सुविधा।


### अन्य सिंचाई परियोजनाएं

- ₹ 1320 करोड़ की चितरंगी दाबयुक्त सूक्ष्म सिंचाई परियोजना को स्वीकृति। सिंगरौली जिले में परियोजना से लगभग 32 हजार हेक्टेयर में सिंचाई क्षेत्र विकसित होगा।
- ₹ 4 हजार 197 करोड़ 58 लाख की लागत से जावद-नीमच दाबयुक्त सूक्ष्म सिंचाई परियोजना को स्वीकृति।
- प्रदेश में 50 लाख हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित, वर्ष 2028-29 तक 1 करोड़ हेक्टेयर करने का लक्ष्य।



D-11119/24

















# विरासत के साथ विकसित मप्र निर्माण के संकल्प का एक वर्ष

**डॉ. मोहन यादव**



**भोपाल, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** देश का हृदय प्रांत मध्यप्रदेश गौरवशाली इतिहास और विश्वविख्यात सांस्कृतिक परंपराओं के लिये प्रसिद्ध है। सृष्टि के आरंभ से लेकर अब तक मानव सभ्यता के कई चिन्ह मध्यप्रदेश की धरती पर हैं। यहां पर्याप्त भू-संपदा, वन-संपदा, जल-संपदा, और खनिज-संपदा है। हम विगत एक वर्ष में विकसित मध्यप्रदेश निर्माण के साथ प्रदेश की विरासत को सहेजने के संकल्प को लेकर आगे बढ़े हैं।

यह हमारा सौभाग्य है कि डबल इंजन की सरकार का लाभ मध्यप्रदेश और प्रदेशवासियों को मिल रहा है। इस विशेष संयोग में प्रदेश ने नवाचारों के साथ विकास के कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं। इन दिनों प्रदेश में जनकल्याण पर्व मनाया जा रहा है। यह प्रदेश की समृद्धि का उत्सव है। इसमें भविष्य की कई संभावनाएं आकार लेंगी। शासन-प्रशासन और प्रदेशवासी सभी मिलकर विकास की गंगा बहाएंगे। आपकी सरकार, आपके द्वार होगी और जनता के हित जनता तक पहुंचेंगे। इसमें नई सौगातें भी शामिल होंगी। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो के स्वप्न को मध्यप्रदेश में धरातल पर उतारा जा रहा है। 17 दिसंबर को पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना तथा 25 दिसंबर को केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा किया जायेगा। यह आनंद का विषय है कि मध्यप्रदेश देश में पहला ऐसा राज्य है जहां 2 नदी जोड़ो परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। इससे जलस्रोत परस्पर जुड़ेंगे तो धरती का जल स्तर सुधरेगा, हमारे गांव और क्षेत्रों को पानी सुलभ होगा तथा अन्नदाता को सिंचाई के लिये पर्याप्त पानी मिलेगा। प्रदेश में जिस तरह कृषि, उद्योग, पर्यटन और आध्यात्मिक पर्यटन के लिये संभावनाएं विकसित हो रही हैं। इसमें औद्योगिक क्रांति, हरित क्रांति और पर्यटन क्रांति की त्रिवेणी से गरीबी पूर्णत: समाप्त हो जायेगी।

राष्ट्र को समृद्ध बनाने की शक्ति युवाओं में है। आवश्यक है कि युवा कर्मशील हो, विचारशील हो और अपनी परंपराओं से जुड़ा हुआ हो। इसी अनुरूप युवाओं को शिक्षण और प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में तैयार राष्ट्रीय शिक्षा नीति सबसे पहले मध्यप्रदेश में लागू हुई। यहां स्किल्ड युवा तैयार हो रहे हैं। प्रदेश के सभी जिलों में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस से उत्कृष्ट शिक्षा मिलेगी, भारतीय ज्ञान परंपरा और युगानुकूल शिक्षा के समावेश से युवाओं को अपनी समृद्ध विरासत का ज्ञान होगा और बेहतर भविष्य निर्माण के द्वार खुलेंगे। हर विकासखंड में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण से गांव-गांव से खेल प्रतिभाएं उभरकर आएंगी। युवा शक्ति मिशन में प्रदेश के युवाओं की शिक्षा, आधुनिक तकनीकी में योग्यता और कौशल निर्माण के साथ सर्वांगीण विकास की लक्ष्य प्राप्ति शामिल है। प्रदेश में स्किल्ड युवा अपना स्व-रोज़गार स्थापित कर रहे हैं। वहीं शासकीय सेवाओं में लगभग ढाई लाख युवाओं की भर्ती का अभियान भी शुरू हो गया है। मध्यप्रदेश कृषि प्रधान प्रांत है। किसान कल्याण मिशन में कृषि की उपज बढ़ाने की दिशा में ठोस प्रयास किये जायेंगे। अगले 5 वर्ष में सिंचाई का रकबा 50 लाख हेक्टेयर से 1 करोड़ हेक्टेयर किया जायेगा। अन्नदाता को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण देने के साथ खाद, बीज से लेकर उपज की बिक्री तक की व्यवस्था की गई है। किसानों के खेत में सोलर पंप लगाए जाएंगे, जिससे वे अपने उपयोग के लिये अपनी बिजली स्वयं बनायेंगे। हम प्रयासरत हैं कि जल की एक-एक बूंद का लाभ किसानों को मिले। हम चाहते हैं कि किसान चिंता मुक्त होकर खेती करें और खुशहाल जीवन जियें। हर किसान को गौ-पालक और हर घर को गौ-रक्षक बनाने का प्रयास है। मध्यप्रदेश न केवल कृषि उत्पादन में देश में शीर्ष पर हो, बल्कि दुग्ध उत्पादन और दुग्ध निर्यातक प्रदेश बने इसीलिये मध्यप्रदेश में गौ-वंश पालन के लिये अनुदान दिया जा रहा है।

**परिवार, समाज, राष्ट्र और सृष्टि निर्माण के केन्द्र में है नारी**–भारतीय दर्शन में नारी के महत्व का उल्लेख है। महिला कल्याण के लिये नारी शक्ति मिशन में महिलाओं का आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक सशक्तिकरण किया जायेगा। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जहां शासकीय सेवाओं में महिलाओं का आरक्षण 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत किया गया है। बहनों के मान-सम्मान और स्वाभिमान के लिये लाड़ली बहना योजना से महिलाओं को और सेनिटेशन एवं हाइजीन योजना से प्रदेश की लाखों बालिकाओं को आर्थिक संबल दिया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक से सांस्कृतिक पुनरुत्थान का कार्य हो रहा है। प्रदेश में समृद्ध और गौरवशाली विरासत को सहेजने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। श्रीराम वन गमन पथ, श्रीराम के कर्तव्य पालन और राष्ट्र निर्माण का समर्पण संपूर्ण भारत को एक सूत्र में बांधने का आधार देगा। श्रीकृष्ण पाथेय में उन सभी स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है जहां श्रीकृष्ण के स्मृति चिन्ह हैं। उन स्थलों पर कर्म, कर्तव्य, धर्म-संस्कृति से संबंधित गीता का संदेश और श्रीकृष्ण की लीलाओं को उकेरा जायेगा, जिससे लोग कर्मयोग के प्रति जागरूक हों। तथा कर्मशील-धर्मशील नागरिक बनें। मध्यप्रदेश सरकार जनमत और जन-भावना का प्रतिबिंब है। हमारा समाज अपनी विरासत को सहेज कर चलता है, इसीलिये समाज द्वारा निर्मित सरकार ने भी समाज के साथ अपने उत्सव आयोजनों को मिलकर मनाने की शुरुआत की है। मेरा प्रयास रहा है कि प्रदेश की जनता का जीवन सहज, सरल और सुगम हो। जनता की सुविधा के लिये साइबर तहसील से घर बैठे नामांतरण, बंटवारा, ई-पंजीयन की ऑनलाइन व्यवस्था की गई। थानों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण से संकट की स्थिति में लोगों को त्वरित राहत मिलेगी। उज्जैन में मेडिसिटी का निर्माण, 51 मेडिकल कॉलेज खोलने की पहल से प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य की गारंटी, इंदौर-मनमाड रेल लाइन, राष्ट्रीय राजमार्ग सुदृढ़ीकरण और मेट्रोपोलिटन सिटी निर्माण से विकास में गुणात्मक वृद्धि होगी। प्रधानमंत्री जी का संकल्प है, स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक देश को विश्व की सर्वोच्च शक्ति के रूप में स्थापित करना। मध्यप्रदेश, भारत की इस विकास यात्रा में सहभागी बनने के लिये प्रतिबद्ध है। हमारा प्रयास है कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दोगुना किया जायेगा। प्रदेश की उन्नति और प्रगति के साथ हमारी सरकार का जो संकल्प पत्र था, उस पर तेजी से कार्य हो रहा है। आने वाले 4 वर्ष में हम एक-एक संकल्प को पूर्ण करेंगे। प्रदेश में शुरू हुये जनकल्याण पर्व के अवसर पर प्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता से मेरा आग्रह है कि गौरवशाली और वैभवशाली भारत निर्माण के लक्ष्य पूर्ति के लिये आइये, हम साथ चलें और साथ बढ़ें।

### प्लाट की जगह पकड़ा दिया था फर्जी पट्टा...

# छल-कपट कर फर्जी दस्तावेज बनाने वालों को 5-5 साल की सजा



**मंदसौर, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्री मुनेंद्रसिंह वर्मा ने धोखाधड़ी, छल कपट और फर्जी दस्तावेज बनाए जाने के एक मामले में आरोपियो को 5 वर्ष की सजा एवं जुर्माना से दंडित किया।

अपर लोक अभियोजक भगवतीलाल शर्मा ने बताया कि घटना वर्ष 2017 की होकर अभियुक्त यशवंत एवं चंद्रशेखर फरियादी सुभाष के पास आए एवं उसे सस्ता प्लाट दिलाने के लिए कहा। उनके कहने पर सुभाष उनके साथ अलावदाखेड़ी गांव गया, जहां उक्त अभियुक्त उसे बोहरा खेड़ी जाने वाले मुख्य रोड पर स्थित प्लांट 30 बाय 20 का दिखाया। वहां तीन व्यक्ति प्रहलाद पिता मदनलाल गुर्जर, भारत लाल गुर्जर व लाला नायक पूर्व से ही खड़े थे। प्रहलाद से फरियादी सुभाष ने उक्त प्लाट का मोल भाव कर सौदा 1 लाख 51 हजार रुपए में तय हुआ। फरियादी द्वारा 21.11.2017 को इंडियन बैंक के चेक से 91 हजार और 25.11.2017 को 60 हजार रुपए का भुगतान किया गया। उसके बाद प्रहलाद व उसके मामा भारत लाल 25.11.2017 को फरियादी की दुकान पर आए और पट्टा ग्राम अलावदा खेड़ी के सरपंच व सचिव के हस्ताक्षर वाला उसे दिया गया। उस पर फरियादी सुभाष व उसके पिता का नाम भी लिखा गया था। उस पट्टे में फरियादी का निवास स्थान अलावदा खेडी लिखा गया था। इस संबंध में फरियादी सुभाष ने प्रहलाद गुर्जर को बताया, जिस पर उसके मामा ने बताया कि यह नाम बाद में ठीक कर देंगे। उसके बाद फरियादी उक्त प्लाट पर गया। वहां पर उसने पाया कि मजदूर व मिस्त्री निर्माण कर रहे हैं। फिर फरियादी ने सभी आरोपियो को प्लाट पर बुलाया और उससे प्लाट के वापस से रुपए मांगे तो आरोपी लोगों ने कहा कि तुम्हे दूसरा प्लाट दिलवा देंगे। इस बात पर फरियादी सुभाष को शक हो गया। वह ग्राम पंचायत में सचिव और सरपंच से मिला और उसने तलाश की, तब उसे पता चला कि यह पट्टा ग्राम पंचायत के द्वारा नहीं दिया गया है। उक्त भूमि बेची भी नहीं जा सकती है। पंचायत द्वारा बताया कि पट्टा फर्जी बना कर दे दिया गया है। इस पर से फरियादी सुभाष ने थाना नई आबादी मंदसौर की शरण लेते हुए आरोपियो के विरुद्ध एक आवेदन दिया। जिस पर से नई आबादी पुलिस द्वारा आरोपियो के विरुद्ध धारा 420, 467, 468, 471, 472, 120बी, 506 एवं 34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियो के विरुद्ध न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से न्यायालय में अपराध प्रमाणित करने हेतु कुल 16 साक्षियों के बयान कराए गए और आरोपियो के विरुद्ध बखूबी अपराध प्रमाणित किया गया। न्यायालय द्वारा अपराध प्रमाणित मानते हुए आरोपी लाला उर्फ लालूराम पिता मन्नालाल नायक निवासी बोहरा खेडी, प्रहलाद पिता मोहन लाल गुर्जर निवासी भूखी, चंद्रशेखर उर्फ अन्नू पिता दुलीचंद चौहान निवासी गीता भवन रोड मंदसौर, भारतलाल पिता रामलाल गुर्जर निवासी खंडेरियामारु, शिवलाल पिता अमृतलाल मालवीय निवासी पीपल खूंटा और यशवंत पिता शिवाजी राव मराठा निवासी पारस कॉलोनी मंदसौर को 5 साल के कठोर कारावास की सजा एवं जुर्माने से दंडित किया गया। उक्त मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी शासकीय अधिवक्ता एवं अपर लोक अभियोजक भगवतीलाल शर्मा तेजपाल सिंह शक्तावत और भगवान सिंह चौहान द्वारा की गई।

## हत्या के आरोपियों को आजीवन कारावास

**मंदसौर, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री कपिल मेहता द्वारा हत्या के मामले में आरोपी सादिक खान और फारुख खान को आजीवन कारावास और पांच-पांच हजार रू. के अर्थदंड की सजा दी गई है।

लोक अभियोजक तेजपाल सिंह शक्तावत द्वारा बताया गया कि घटना 07 दिसम्बर 2022 की होकर भूसे का व्यवसाय करने वाले रउफ़ खान पिता मोहम्मद शाह ग्राम अघोरिया होते हुए जवासिया की ओर जा रहे थे। तब ग्राम अघोरिया में अभियुक्त सादिक खां उन्हें मिला, जिससे रउफ़ खान ने भूसा खरीद करने की बात की, और उसके बाद वे दोनों जवासिया की ओर निकल गए। किंतु सुबह 10.30 बजे के लगभग सादिक खान ने फोन पर उन्हें बात करने के लिए ग्राम अघोरिया स्थित अपने खेत पर बुलाया, और कहा कि यह भूसा खरीद लो। तब रउफ़ खान कहा कि वह आज ग्राम जवासिया जा रहा है, बाद में इसकी बात करेंगे। इस पर आरोपी सादिक खा और उसका साथी फारूक उसे अश्लील और गंदी गालियां देने लगे। रउफ़ द्वारा प्रतिरोध करने पर आरोपी सादिक खान और फारुख खान ने उसके सिर पर, हाथ पर, लाठियों से प्रहार किया। जिससे उसे गंभीर चोटें आई और उसका रक्तस्राव होने लगा।

घटनास्थल पर उपस्थित मोहम्मद शाह द्वारा मध्यस्थता करते हुए बीच बचाव किया गया। इसी पर आरोपी ने उसे जान से मारने की भी धमकी। फरियादी रउफ़ को जिला चिकित्सालय मंदसौर में लाते समय, रास्ते में ही रउफ़ खान ने फोन पर उसके पुत्र जावेद खान को घटना के बारे में बताया। जिला चिकित्सालय में रउफ़ द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई। किंतु जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान रउफ़ खान की मृत्यु हो गई। जिस पर से थाना नई आबादी द्वारा धारा 302 के तहत मामले को पंजीबद्ध कर, विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

अभियोजन पक्ष की ओर से न्यायालय में कुल 13 साक्षियों के कथन करवाए गए। मामला पूरी तरह से प्रमाणित किया गया। जिस पर से न्यायालय द्वारा आरोपी सादिक खान पिता हकीम खान निवासी ग्राम अघोरिया एवं फारुख पिता नासिर खान निवासी खानपुरा मंदसौर को आजीवन कारावास एवं पांच-पांच हजार रू. के अर्थदंड से दंडित किया गया। उक्त मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी लोक/अपर लोक अभियोजक तेजपाल सिंह शक्तावत, भगवती लाल शर्मा एवं भगवान सिंह चौहान द्वारा की गई।

## विद्या भारती मालवा विभाग का प्रवास हुआ

**नारायणगढ़, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** विद्या भारती मालवा मंदसौर विभाग सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उ.मा.वि. नारायणगढ विभाग समन्वयक जी का प्रवास प्रांत की योजनानुसार दिनांक 12 दिसंबर 2024, गुरुवार को मंदसौर विभाग के सम्माननीय विभाग समन्वयक महोदय श्रीमान राघवेंद्र जी देराश्री का प्रवास हुआ। प्रवास कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न बिन्दुओं पर संवाद हुआ एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। अर्द्धवार्षिक परीक्षा का अवलोकन कर भैया बहिनों से प्रश्न पत्र संबंधी आवश्यक चर्चा की गई। प्रार्थना सभा में शिशु वाटिका एवं प्राथमिक विभाग के भैया/बहिनों से संवाद एवं प्रश्नोत्तरी द्वारा प्राप्त ज्ञान का परीक्षण किया। अर्द्धवार्षिक लेखा निरीक्षण में प्राप्त सुझाव एवं कमियों से अवगत कराया और उनमें कैसे सुधार किया जा सकता हैं इस हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। विद्यालय में आगामी होने वाले निर्माण कार्य की योजना, संसाधन वृद्धि की दृष्टिसे, आगामी सभी कार्यक्रम व्यवस्थित संपन्न हों एवं छात्र संख्या वृद्धि के साथ विद्यालय आर्थिक दृष्टिसे सुदृढ़ बने इसके प्रयास हेतु सुझाव एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर समिति सचिव श्री राहुल जी पाटीदार प्राचार्य श्री अंतिम जी वर्मा भी उपस्थित रहे।

# नीलगाय से परेशान 500 से अधिक किसानों ने बंद किया सब्जी उत्पादन

**मंदसौर, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** नीलगायों के बरसों से चले आ रहे आतंक से किसानों को निजात नहीं मिल पा रही है। सीएम हेल्पलाईन तक हेल्पलेस हो चुकी है। अधिकारी-जनप्रतिनिधि भी असहाय नजर आ रहे हैं। स्थिति यह है कि मंदसौर के आसपास लगे 24 से अधिक गांव में 500 से अधिक किसानों ने सब्जी बोना ही बंद कर दिया है। वहीं हजारों ने उत्पादन 50 फीसदी से कम कर दिया है। समय-समय पर सब्जी के दाम बढने का यह भी एक बड़ा कारण है।

बता दें कि पहले क्षेत्र में ही अच्छा खासा सब्जी का उत्पादन हो जाने के कारण बाहर से सब्जी की इतनी आवक की जरुरत नहीं होती थी। जिले में शासन स्तर से नीलगाय की समस्या के समाधान के लिए अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। जिले में इनकी संख्या 4 हजार से अधिक हो गई है। ये साल-दर-साल बढ़ती जा रही है। इससे नौगांवा, गुजरदा, मुल्तानपुरा, बड़ावदा, कोचवी, धुंधडक़ा, बाग्या, नगरी, धमनार, रेवासदेवड़ा, अमलावद, अलावदा खेड़ी, पित्याखेड़ी, बोराखेड़ी सहित दो दर्जन से अधिक गांव में करीब 500 से अधिक किसानों ने सब्जी उत्पादन ही बंद कर दिया। इसके चलते थोक सब्जी मंडी में स्थानीय सब्जियों की आवक बहुत कम हो गई है। अब बांसवाड़ा, बड़नगर, रतलाम व आसपास के अन्य जिलों से बैंगन, भिंडी, टेंसी, तरोई, गिलकी, करेले जैसी सब्जियां आती है। यही कारण है कि इन जगहों पर उत्पादन कम होते ही सब्जियों के दाम बढ़ जाते हैं।

सब्जी उत्पादक किसानों के अनुसार सब्जियों में डेढ़ से दो माह में फल आते हैं, जिसे नीलगाय पसंद करती हैं। ये सब्जी खाने के साथ पौधे तोड़ देती हैं, जिससे फल नहीं आते। सब्जियों का उत्पादन लगभग ना के बराबर होता है। स्थिति यह है कि पांच बीघा में सब्जी बोने वाले किसान एक बीघा में ही सब्जी बो रहे हैं। बाकी में गेहूं सहित अन्य फसलों का उत्पादन किया जाने लगा है।

खेती किसानी पर नजर रखने वालो की माने तो सब्जी को छोड़ गेहूं सहित अन्य उपज भी नीलगाय बर्बाद कर रही है। किसानों के अनुसार नुकसान तो इसमें भी होता है। लेकिन फिर भी 50 से 60 फीसदी उत्पादन मिल जाता है। किसान भूपेन्द्रसिंह चौहान ने बताया कि नीलगाय रात को खेतों में आती हैं। पिछले साल चार बीघा में पालक, धनिया, भिंडी जैसी सब्जियां लगाई थी। लेकिन,



नीलगायों ने पूरी फसल बर्बाद कर दी। 80 हजार खर्च कर आधे बीघा से ज्यादा में तार फेंसिंग कराई। अब केवल इतने में ही सब्जी लगाता हूं। किसान शैलेन्द्र धाकड़ ने बताया कि गतवर्ष 2 बीघा में सब्जियां बोई थीं, जिसे नीलगायों ने पूरा बर्बाद कर दिया। कई जगह शिकायत की। लेकिन, कोई सुनवाई नहीं हुई। परेशान होकर अब सब्जी नहीं बो रहा हूं।

अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सहित अन्य माध्यमों से अपनी समस्याएं किसान सुना चुके हैं। लेकिन कोई हल नहीं निकला। किसानों ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत करते हैं तो स्वयं ही शिकायत काट देते हैं। अधिकारी व जनप्रतिनिधियों से सालों से शिकायत करते आ रहे हैं। लेकिन, कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही।

### राष्ट्रीय स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में भारतीय सेना के...

## कर्नल ज्योति प्रकाश पहुंचे, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त

**मंदसौर, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** आज के क्वार्टर फाइनल एस्ट्रोटुर्फ मैदान पर मुख्य अतिथि के रूप में कर्नल ज्योति प्रकाश भारतीय सेना 5 मध्य प्रदेश एनसीसी बटालियन मंदसौर हॉकी ग्राउंड एस्ट्रोटर्फ पहुंचे, और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें बधाई दी साथ उपस्थित रहे जिला शिक्षा अधिकारी लोकेंद्र डाबी, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, जिला शिक्षा खेल अधिकारी बंसीलाल बारिवाल, मंदसौर जिला हॉकी संघ के सचिव अविनाश उपाध्याय, प्राचार्य



सूदीप दास, जिला एनसीसी अधिकारी विजय सिंह पुरावत, ट्रूप कमांडर जितेंद्र कनौजिया, भारतीय सेना हवलदार सुखचैन सिंह, सर जी द्वारा हॉकी प्रतियोगिता के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। आज का पहला मैच झारखंड विरुद्ध महाराष्ट्र का मैच चल खेल गया जिसमें 11-0 से झारखंड विजयी रही, द्वितीय मैच हरियाणा वर्सेस उत्तर प्रदेश के बीच खेला गया जिसमें उत्तर प्रदेश 3-1 से विजेता, तीसरा मैच मध्य प्रदेश विरुद्ध सीबीएसई पानीपत के मैच खेल गया जिसमें मध्य प्रदेश 6-0 से विजय रही, छोटा मैच उडीसा विरुद्ध तमिलनाडु मैच खेला गया जिसमें उडीसा 5-0 से विजेता रही, दोपहर पश्चात सेमीफाइनल मैच मध्य प्रदेश वर्सेस उड़ीसा व उत्तर प्रदेश और झारखंड के बीच खेला गया अब कल सुबह 7:00 बजे हार्डलाइन और फाइनल मैच खेले जाएंगे।

## इंदौर के न्यूज पेपर मार्केटिंग मैनेजर का मिला शव

**रतलाम, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले के जावरा स्थित एक लॉज में इंदौर से प्रकाशित एक न्यूज पेपर के मार्केटिंग मैनेजर का शव बुधवार को मिला है। कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जावरा सरकारी अस्पताल भेजा।

जावरा शहर थाना एसआई प्रतापसिंह भदौरिया ने बताया कि शहर के चौपाटी रोड़ स्थित अनुराग लॉज में इंदौर के एक समाचार पत्र के मार्केटिंग मैनेजर अजय नवले निवासी इंदौर 9 दिसंबर को जावरा में आकर रुके थे। 10 दिसंबर को भी उन्होंने दिन भर काम किया। मंगलवार रात खाना खाकर वे सो गए। अगले दिन बुधवार सुबह 10 बजे तक रूम सर्विस बॉय ने दरवाजा बजाया। अंदर से कोई आवाज नहीं आई। उसे लगा कि शायद वह सो रहे होंगे। लेकिन, जब दूसरी बार दरवाजा बजाने पर भी अंदर से कोई आवाज नहीं आई तो शक होने पर कर्मचारी ने इसकी सूचना लॉज मैनेजर और मालिक को दी। इसके बाद उन्होंने आकर रूम का का दरवाजा तोड़ा। देखा कि अजय नवले बेसुध अवस्था में था। पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन, तब तक अजय की मौत हो चुकी थी। पुलिस को कमरे की तलाशी लेने पर कुछ भी विशेष नहीं मिला।

## बायपास मार्ग का काम शुरु नहीं होने से परेशान रहवासी व वाहन चालक, सौंपा ज्ञापन





**पिपलियामंडी, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर में बायपास मार्ग बनाने के लिए करीब 4 माह पूर्व सडक को खोदकर गिट्टी डलवा दी गई, लेकिन सड़क नही बनाई गई, जिससे रहवासी व वाहन चालक धूल से परेशान हो रहे है। गिट्टी से वाहन भी स्लीप हो रहे है, जिससे वाहन चालक दुर्घटना का शिकायत हो रहे है। गुरुवार को रहवासियों ने सीएमओ प्रवीण सेन को ज्ञापन सौंपकर मार्ग का कार्य शीघ्र चलाने की मांग की। इधर सीएमओ प्रवीण सेन का कहना है बायपास मार्ग का डामरीकरण निकाय निधि से बनाना प्रस्तावित किया था। जिसका टेंडर होकर काम चालू हो गया था। अतिक्रमण हटाने के लिए सीमांकन के कारण देरी से कार्य शुरू किया था। बारिश के कारण डामरीकरण नहीं हो पाया, 10 दिन में कार्य शुरु करवा दिया जाएगा।





**दानपेटी खोली**– श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर की दान पेटिया गुरवार को खोली गई। प्रथम दिन की गणना में 09 लाख 91 हजार प्राप्त हुए। शेष गणना का कार्य कल किया जाएगा।

### पौन क्विंटल से ज्यादा डोडाचूरा...

पेज 1 से जारी

पिता बापू सिंह बोराना जाति सौधिया राजपूत उम्र 35 साल निवासी तुरकिया थाना नारायणगढ जिला मंदसौर से पूछताछ की गई। ट्रक की तलाशी ली गई। जिसमें पीसा हुआ डोडाचुरा मिला। डोडाचुरा के बारे मे पुछते आरोपी जसवन्त सिंह ने बताया की डोडाचूरा राजेन्द्र सिंह राजपुत के मल्हारगढ मे महु नीमच हाईवे पर स्थित जम्मू कठुआ सम्राट ढाबे पर काम करने वाले जगजीत सिंह, निर्मल सिंह, कुलदीपराज की मदद से ट्रक में राजेन्द्र सिंह द्वारा भरवाया गया। पुलिस से बचने के लिये ट्रक को पिपलिया मण्डी रेल्वे ब्रीज से वापस नीमच तरफ आना बताया। प्रकरण में जगजीत सिंह, निर्मल सिंह व कुलदीपराज को भी सह आरोपी बनाया गया है।

## जिले के आरओआर का तीन दिन में पूर्ण प्रकाशन करवाए-कलेक्टर

**मंदसौर, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक सुशासन भवन सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने राजस्व महा अभियान 3.0 एवं जनकल्याण पर्व अभियान की समीक्षा की। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, सभी एसडीएम, तहसीलदार मौजूद थे। कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि आगामी तीन दिवस में जिले का सभी आरओआर पूर्ण करें तथा तुरंत प्रकाशन करवाएं। अगर कोई तकनीकी समस्या आती है, तो तुरंत बताएं। जिससे उसका समाधान हो सके। कलेक्टर ने आरओआर के संबंध में हल्का वार समीक्षा की। उन्होंने विशेष तौर पर कहा कि आरओआर का काम नहीं हो रहा है तो तहसीलदार पटवारी पर कार्यवाही करें। सभी एसडीएम, तहसीलदार रीडर स्तर पर लंबित प्रकरणों का तुरंत निराकरण करें। सभी पात्र किसानों की फॉर्म रजिस्ट्री बनाएं। जनकल्याण पर्व के अंतर्गत शिविर प्रत्येक गांव में लगे। सभी तहसीलदार और एसडीएम निगरानी करें। डोर टू डोर सर्वे लगातार चलने दे। इसके साथ ही कलेक्टर ने ईकेवाईसी, नक्शा तरमीम, साइबर तहसील के कार्यों की समीक्षा की।

# आज झारखण्ड और मप्र के बीच होगा हाकी प्रतियोगिता का फाइनल

**मंदसौर, 12 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर में चल रही 68वीं राष्ट्रीय बालिका हॉकी प्रतियोगिता के सचिव श्री लोकेंद्र डाबी ने बताया कि फाइनल मैच तथा समापन समारोह में पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाडी मीर रंजन नेगी मुख्य अतिथि तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में समापन का कार्यक्रम होगा जिसमें फाइनल मैच खेला जावेगा तथा सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी जावेगी। सेमीफायनल मैच झारखण्ड और मध्यप्रदेश ने जीतकर फायनल में प्रवेश किया। मंदसौर से नेशनल चैंपियन टीम निकलेगी।

ऐसा माना जाता है कि चक दे इंडिया फिल्म में शाहरुख खान द्वारा अभिनीत कबीर सिंह का किरदार मीर रंजन नेगी के जीवन पर आधारित था तथा वे चक दे इंडिया फिल्म के निर्माण से भी जुड़े रहे। जिला क्रीडा अधिकारी बंसीलाल बारीवाल ने बताया कि कल एस्ट्रोटर्फ मैदान पर दोपहर पूर्व क्वार्टर फाइनल के चार मुकाबले हुए जिनमें झारखंड विरुद्ध महाराष्ट्र में 11-0 से झारखंड, हरियाणा विरुद्ध उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेश 3-1 से तथा मध्य प्रदेश विरुद्ध सीबीएसई पानीपत के मैच में मध्य प्रदेश 6-0 से तथा उड़ीसा विरुद्ध तमिलनाडु के मैच में उड़ीसा 5-0 से विजेता रहा। दोपहर लंच के बाद सेमीफाइनल के दो मैच हुए सेमी फाइनल मैच की रिपोर्टिंग कर रहे प्रचार प्रसार समिति के सदस्य श्री हेमंत सुथार तथा मुकेश जैन ने बताया कि सेमी फाइनल का पहला मैच झारखंड विरुद्ध उत्तर प्रदेश खेला गया जिसमें दोनों ही टीमों ने गोल करने के लिए पूरी जान झोंक दी। ऐसी



ठंड में भी दोनों ही टीमों के खिलाड़ी पसीने में तरबतर हो रहे थे, पहले सेमीफाइनल में झारखंड 4-0 से विजय हुआ। दूसरा सेमीफायनल मैच मध्य प्रदेश और उड़ीसा का मैच में उड़ीसा को 1-0 से हराकर मध्य प्रदेश की टीम फाइनल में पहुंची। मैच में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए विक्रम अवॉर्डी अनुया कुलकर्णी, आर्मी एयर डिफेंस के कर्नल ज्योति प्रकाश, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, डीपीसी जगत देव शुक्ला, सहायक संचालक श्री आनंद डावर, ऑब्जर्वर अमित गौतम, सुदीप दास, सुष्मिता दास, राकेश पुरोहित उपस्थित रहे। मैच में अंपायर तथा स्कोरर का कार्य तरुण नामदेव, शमीउल्ला, शैलेंद्र वर्मा, गोपाल गौतम, निकम, देवेंद्र बाथम, देवेंद्र परमार, मुकेश राठौर ईमानउर रहमान, देवकीनंदन, सौरभ राजपूत, शिवम सोंधिया, राहुल बर्मन ने किया। तथा मैच की कमेंट्री शेख सलीम द्वारा की जा रही थी।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in